प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 26.08.2023

• अवैध जुए/सट्टे के विरूद्ध कानपुर देहात पुलिस का अभियान जारी, थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 04 जुआरी गिरफ्तार कर मौके से माल फड कुल 10,400 (दस हजार चार सौ) रूपये व 2720 (दो हजार सात सौ बीस) रुपये जामा तलाशी से व 01 अदद बुलेट मोटरसाइकिल नं0 UP 77 AE 9941 तथा 52 अदद ताश के पत्ते बरामद किये गये।

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक रेन्ज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में जुआरियों एवं सटोरियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये दिनांक 26.08.2023 को मुखबिर खास की सूचना पर मौजीलाल की बगिया स्वरूपपुर से सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुये 04 नफर अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना अकबरपुर पर मु0अ0सं0 354/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा बरामद बुलेट मोटर साइकिल नं0 UP 77 AE 9941 को अन्तर्गत धारा 207 मोटर वाहन अधिनियम सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. छोटू पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम बनारलीपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
2. कैलाश पुत्र स्व0 लाऊ निवासी ग्राम बनारलीपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
3. हिमांशू शर्मा पुत्र जयप्रकाश निवासी 75/6 लेवर कालॅानी थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद।
4. अतुल उर्फ लाला पुत्र शंकरलाल निवासी स्वरूपपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी -

1. कुल 13,120 रूपये (मालफड 10,400 रुपये)
2. 52 अदद ताश पत्ते
3. 01 अदद बुलेट मोटर साइकिल नं0 UP 77 AE 9941 (सीज)

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 श्री संजीव कुमार चौकी प्रभारी जैनपुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
2. का0 375 ज्ञानेन्द्र थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।
3. का0 973 अंकित कुमार थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।